**उपचार जारी** ▶ एक ही परिवार के लोगों को दमोह जिला अस्पताल में किया गया भर्ती, कुदवा की रोटी और चना की भाजी खायी थी

# विषाक्त भोजन से एक दर्जन से अधिक बीमार





**नवभारत,दमोह.** जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सतरिया बेलखेड़ी में विषाक्त भोजन कर लेने से एक ही परिवार करीब एक दर्जन से अधिक बच्चों, बुजुर्गों सहित 14 लोगों को इलाज के लिए 112 डायल से पटेरा अस्पताल और देर रात दमोह जिला अस्पताल में 108 के माध्यम से भर्ती किया गया.

बीमार के परिजनों ने बताया कि कुदवा की रोटी और चना की भाजी खाने से बीमार हो गए, बुधवार की जिन्हें चक्कर और उल्टियां आने से तत्काल पटेरा अस्पताल 112 डायल से लाया गया. वहीं गंभीर हालत में 108 एंबुलेंस पायलट लीलाधर व ईएमटी अशोक, राजकुमार ईएमटी व पायलट गजेन्द्र के माध्यम से दमोह जिला अस्पताल में बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात भर्ती किया गया.

### कलेक्टर ने सिविल सर्जन को दी जानकारी

पटेरा अस्पताल में डॉ. सौरभ जैन के अलावा टीम द्वारा बेहतर उपचार कर उन्हें तत्काल दमोह रेफर करने में सहयोग किया. इस दौरान पटेरा अस्पताल में तहसीलदार उमेश तिवारी, मानसी अग्रवाल, थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, 112 डायल पायलट राहुल और स्टाफ ने इलाज कराकर रेफर कराया. दमोह जिला अस्पताल में जैसे ही बीमारी की खबर कलेक्टर कोचर को लगी उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल को दी, तो मौके पर डॉ. विजय पथोरिया, डॉ. सुनील जैन, डॉ. आरिफ खान, डॉ. जावेद खान, डॉ. राजेश नामदेव, डॉ. सुरेंद्र सिंह ने तत्काल उपचार उपलब्ध कराया।

### बीमार लोगों में चार बच्चे शामिल

सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने बताया कि आईसीयू वार्ड में बीमार लोगों को व्यवस्थित भर्ती कर कंबल और व्यवस्थाएं की गई. इधर जानकारी लगते ही मौके पर कोतवाली टीआई मनीष कुमार, सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, प्रधान आरक्षक अजित दुबे भी पहुंचे और बीमारों से जानकारी प्राप्त की. एक ही परिवार के बीमार लोगों में लोक सिंई, चैन सिंह, माया रानी, ओंकार सिंह, राधिका, सरस्वती, राजकुमारी, लक्ष्मी रानी, हल्की बहू, राजकुमारी, रेवती सिंह, लक्ष्मी रानी, राजकुमारी मान सिंह, रेवती रतन सिंह, सुरेश सिंह जिला अस्पताल में दाखिल हुए. इनमें चार बच्चे शामिल है।

# बिजली चोरी के आरोप से किराना दुकानदार बरी

▶ विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की अदालत का निर्णय

**नवभारत,दमोह।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा लगाए गए बिजली चोरी के एक मामले में, दमोह जिले के अर्थखेड़ा गांव के एक छोटे किराना और पान दुकान संचालक पवन जैन को विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की अदालत ने बरी कर दिया है।

अधिवक्ता आकाश जैन और अधिवक्ता आदर्श मिश्रा ने बताया कि यह मामला 9 मार्च 2020 का था, जिसमें पवन जैन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने अपने घर व दुकान में 63 केवीए ट्रांसफार्मर की एलटी केबल से सीधे तार लगाकर लगभग 510 वॉट लोड के उपकरण चलाए, जिससे कंपनी को 23,340 का नुकसान हुआ। लंबे समय तक चली कानूनी प्रक्रिया के बाद, विशेष न्यायाधीश पंकज शर्मा की अदालत ने साक्ष्यों की गहन विवेचना की।

### कंपनी आरोप सिद्ध करने में विफल

कोर्ट ने अपने अंतिम निष्कर्ष में पाया कि परिवादी कंपनी अभियुक्त के विरुद्ध संदेह से परे यह प्रमाणित करने में असफल रही कि पवन जैन ने अनाधिकृत रूप से और बेईमानीपूर्वक बिजली की चोरी की थी। न्यायालय के इस फैसले ने यह सिद्ध किया है कि कानून सभी के लिए समान है और एक सामान्य दुकानदार भी न्याय के लिए लड़ाई लड़ सकता है और जीत हासिल कर सकता है।





# पंचायत सदस्य चुनाव की सरगर्मी तेज

▶ गली और नुक्कड़ो पर होने लगी चुनावी चर्चा

**कुम्हारी नवभारत 18 दिसंबर।** विधानसभा हटा क्षेत्र अंतर्गत कुम्हारी मे उप चुनाव जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 10 की सरगर्मी जोरों पर दिखाई देने लगी है। 716 उम्मीदवार अपना नामांकन भर चुके हैं। अब गली, चौराहे, गांव-गांव में आगामी जिला पंचायत सदस्य का उम्मीदवार कौन बनेगा, इस पर विशेष रूप से 30 पंचायतों में चर्चा शुरु हो गई है।

77 मतदान केंद्रों में मतदाता जिला पंचायत क्रमांक 10 के लिए मतदान करेंगे। जहां प्रशासन की टीम तैनान होगी। फिलहाल तो गली, चौराहों और चाय की दुकानों पर उम्मीदवार को लेकर मतदाताओं में गुफ्तगू हो रही है। चुनावी बिगुल बज गया है और अब मतदाता अपने-अपने उम्मीदवार के प्रचार प्रचार में जुटे गए है। आखिर कौन दावेदार क्षेत्र क्रमांक 10 का जिला सदस्य बनेगा सभी अपने-अपने मतदाताओं को लुभाने के लिए तरह-तरह के वादे और नए आयाम करते नजर आ रहे । जहां ग्रामीण अंचलों में तो समस्याओं का अंबार नजर आता है । वहीं क्षेत्र में भी विकास के कई वादे आधार में लटके हुए हैं ।

## वन विभाग ने जुड़ाई पत्थर किया जब्त

**नवभारत,मडियादो 18 दिसंबर।** हटा वन परिक्षेत्र अंतर्गत महुआखेड़ा बीट में संचालित अवैध जुड़ाई पत्थर खदान पर वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा ऋषि तिवारी के निर्देश पर वन अमले ने कार्यवाही की है.

कार्यवाही दौरान अमले को मौके पर जुड़ाई पत्थर मिला, जिसे विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया. विभाग द्वारा अब बेखौफमाफिया के खिलाफ सख्त कार्यवाही की बात कही जा रही. खदान किसके द्वारा संचालित की जा रही थी.इसकी विभाग द्वारा जांच की जा रही है.जिसके चलते मडियादो में कुछ लोगों के कथन विभाग द्वारा लिए जा रहे है. इस संबंध में परिक्षेत्र अधिकारी हटा ने बताया कि मौके पर मिलापत्थर जब्त कर लिया गया. जांच जारी है और जांच उपरांत अवैध खदान चलाने वाले के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा.

# 6 माह से अधिक बकायादारों पर करें कार्रवाई

अधीक्षण अभियंता ने विद्युत केन्द्र बटियागढ़ का किया निरीक्षण



**नवभारत,बटियागढ़ 18 दिसंबर।** अधीक्षण अभियंता वृत्त दमोह अमित कुमार चौहान विद्युत अधीक्षण अभियंता ने किया बटियागढ़ उपकेन्द्र, बटियागढ़ कार्यालय व 33/11 केव्हीए उपकेन्द्र सलेहा का औचक निरीक्षण किया.

इस दौरान उन्होंने 6 माह से अधिक बकायादार उपभोक्ता की सूची बटियागढ़ के बकायादार उपभोक्ताओं की सूची का अवलोकन कर कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए. निरीक्षण के दौरान बटियागढ़ वितरण केंद्र प्रभारी संदीप पटेल को कई निर्देश दिए गए.जिनमें से मुख्त: विद्युत सप्लाई को सुद्धरण करने हेतु निर्देश दिए गए.इसके साथ ही मध्य प्रदेश शासन की समाधान योजना को अच्छे से क्रियान्वयात करने हेतु निर्देशित किया गया।

### राजस्व संग्रहण को बढ़ाने दिए निर्देश

उन्होंने इस दौरान वितरण केंद्र के राजस्व संग्रहण को बढ़ाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए, कार्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया गया. सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के नवीन कनेक्शन बढ़ाने व विद्युत का अवैध रूप से उपयोग कर रहे उपभोक्ताओं के पंचनामा पंजीबद्ध करने के निर्देश दिए गए.

## एक नजर में



### जिले में वाहन चेकिंग कार्रवाई लगातार जारी

**नवभारत,दमोह।** जिले के पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया के मार्गदर्शन में जिले भर में वाहन चेकिंग कार्रवाई लगातार जारी है. दो पहिया,चार पहिया वाहनों को चेकिंग किया जा रहा है. साथ ही हेलमेट पहनने की विशेष हिदायत दी जा रही है. इसी दौरान आज दमोह देहात थाना क्षेत्र में भी थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर विक्रम दांगी, प्रधान आरक्षक सहित पुलिस वाहन चेकिंग कार्रवाई करते हुए नजर आई. सब इंस्पेक्टर विक्रम दांगी ने बताया कि 7 वाहनों पर चालान कार्रवाई कर 23 सौ रुपए वसूल किए।

### तहसीलदार ने कुसमी छात्रावास का किया निरीक्षण

**नवभारत,जबेरा।** शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुसमी मानगढ़ की लगातार शिकायतें आ रही थी. शिकायतों की सूचना स्थानीय पत्रकारों द्वारा तहसीलदार सोनम पांडे से की गई. तहसीलदार ने मामले को गंभीरता से लेते गुरुवार की दोपहर छात्रावास का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान छात्राओं से बातचीत कर व्यवस्थाएं जानी. छात्राओं ने भोजन व साफ-सफाई नहीं होने की जानकारी दी. तहसीलदार सोनम पांडे ने बताया कि जो भी मुझे शिकायत प्राप्त हुई थी वह सत्य है, जिस पर मैंने छात्रावास अधीक्षक मीना तिवारी सहायक वार्डन सीमा खरे को सख्त हिदायत देते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया है।



### शतरंज व टेबल टेनिस के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**नवभारत,दमोह ।** सासंद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय शतरंज व टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें चयनित प्रतिभागियों को दमोह पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, दमोह जिला वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे द्वारा सम्मानित किया गया. इस दौरान विशेष रूप से लोकसभा संयोजक सांसद खेल महोत्सव गोपाल पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष हेमंत छाबड़ा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह परिहार, जिला मंत्री रानू नामदेव, जिला कार्यालय मंत्री देवकीनंदन पटेल, पूर्व कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई, राजेंद्र चौरसिया, सुरेंद्र सिंह तोमर, बृजेश ठाकुर देवेन्द्र सिंह ठाकुर, सकल हिंदू समाज जिला युवा अध्यक्ष मोंटी रैकवार, पार्षद प्रतिनिधि सतीश जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता सीताराम राठौर व खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही.



### देवी प्रसाद बने पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष



**नवभारत,जबेरा।** पेंशनर्स समाज के प्रांतीय अध्यक्ष डीपी दुबे की अनुशंसा पर व जिला अध्यक्ष आरके मिश्रा की सहमति पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष एमएल सरैया द्वारा सेवा निर्मित प्रधान अध्यापक देवी प्रसाद शर्मा को तहसील शाखा जबेरा का पेंशनर्स समाज का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है.सेवानिवृत प्रधानाध्यापक देवी प्रसाद शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए. दायित्वों का पूरी निष्ठा और लगन के साथ निर्वाहन करते हुए संघ के हित में सक्रियता से कार्य कर संगठन की आवाज बुलंद की जाएगी.

### बाइक दुर्घटना में दो घायल

**कुम्हारी नवभारत।** गुरुवार को थाना कुम्हारी कुलुवा मार्ग मोड़ पर बाइक चालक की भिड़त हुई, जिसमे कुम्हारी निवासी अनिल बंटू दुबे और रवि यादव दोनों घायल हो गए। दोनों को कुम्हारी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक चिकित्सा के बाद दमोह रेफर किया गया।

# रस्सी से गला घोंटकर की थी हत्या

▶ रजपुरा पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा



**नवभारत,मडियादो 18 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदौरिया के निर्देशन और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी हटा प्रशांत सुमन के मार्गदर्शन में रजपुरा पुलिस को 10 माह पुराने हत्याकांड का खुलासा करने व आरोपी पकड़ने में सफ्लता मिली है.

9 फरवरी 2025 को मगरोन थाना में जागेश्वर अठ्या निवासी कनौरा रामनगर का गुम इंसान दर्ज किया गया था. 12 फरवरी को स्वजनों ने रजपुरा पुलिस को सूचना थी कि सिंगपुर पंचायत के अंतर्गत इमलीपूरा जंगल में जागेश्वर अठया को जलाया गया है. मौके पर रजपुरा पुलिस सहित एसडीओपी प्रशांत सुमन, नायब तहसीलदार बटियागढ़ योगेन्द्र चौधरी व डॉग स्कॉड, एफएसएल टीम पहुंची थी. पुलिस टीम को पत्थरों के बीच जलाने के अवशेष, जले हुए मोबाइल के अवशेष मिले थे. स्वजनों द्वारा गांव के भगत बसयान् पर धोखा कर हत्या का संदेह जताया था.

### ऐसे खुला हत्या का राज

मृतक के पुत्र के अनुसार अंतिम बार उसके पिता ने भगत के साथ होने की बात कही थी. इसके बाद मोबाइल बंद हो गया था और पिता गायब हो गए. तलाश के दौरान इमलीपुरा के जंगल में जलने के अवशेष मात्र मिले थे। थाना प्रभारी सरदार सिंह ने बताया कि जिस व्यक्ति पर स्वजन ने संदेह जताया था उससे लगातार पूछताछ की जा रही थी. जिस घर में मृतक और भगत बसयान ने अंतिम बार पार्टी की थी उस मकान मालिक सुममेर भील से ज्यादा संपर्क हो रहा था. इस तरह पुलिस को सफ्लता मिली. दोनों आरोपियों द्वारा रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर जलाना कबूल किया गया.

## श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर हुई बैठक

नवभारत,दमोह। शहर के संस्कार भवन में असाटी समाज दमोह द्वारा 16 दिसंबर मंगलवार सायं 5 बजे समाज के संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई.बैठक में समाज की तीनों समितियों के अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहे. सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 27 जनवरी 2026 को श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा. बैठक में कथावाचक के रूप में नीरज नयन जी (वृंदावन धाम) के नाम पर प्रस्ताव पारित किया गया. आयोजन को सफ्ल बनाने हेतु शैलू शैलेन्द्र असाटी को संयोजक, महेश असाटी को सहसंयोजक नियुक्त किया गया. युवा समिति से विवेक (अप्सरा), गोलू रूपेंद्र तथा महिला समिति से श्रीमती सुषमा व मधु का चयन किया गया.



## संकीर्तन में भजनों पर झूमे खाटू श्याम भक्त

▶ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना की गई

**नवभारत,दमोह 18 दिसंबर।** जय श्री श्याम भक्त मंडल सेवा समिति द्वारा मंगलवार को खाटू श्याम का संकीर्तन का आयोजन किया गया. पंडाल में मंच पर खाटू श्याम बाबा की आकर्षक झांकी सजाकर भव्य दरबार लगाया गया था.

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. आर एस म्यूजिकल ग्रुप के गायक राहुल जोशी पन्ना, गौरी अग्रवाल इंदौर, प्रीति सरगम सिंह जबलपुर द्वारा भजन गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सुंदर भजनों का गायन किया गया. दीनानाथ मेरी बात छानी कोनी तेरे से, कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है, भर दे रे श्याम झोली भर दे, दिल में है तू श्याम की जरा ज्योति जला के देख, किस्मत वालों को मिलता है श्याम तेरा दरबार, साथी हमारा कौन बनेगा आदि भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। भजन कलाकारों द्वारा भजनों की रंगारंग प्रस्तुति के दौरान पूरा प्रांगण श्याम के रंग में डूबा नजर आया. भजनों पर पंडाल में बैठे सभी श्रद्धालु भक्त झूमते नजर आए.इस अवसर पर छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया और पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की गई और गुलाब का इत्र छिड़का गया.

**राज्यमंत्री ने पथरिया के कॉलेज में माधवराव सप्रे की मूर्ति का किया लोकार्पण**

# एक माह के भीतर हो जाएगी प्राध्यापकों की नियुक्तियां : पटेल





**नवभारत,पथरिया 18 दिसंबर।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने पथरिया में माधवराव सप्रे कॉलेज में उनकी मूर्ति का लोकार्पण करते हुये कहा कि हमेशा मैं चाहता हूं, हमारी सरकार भी चाहती है कि जब तक पढ़ाने वाले नहीं होंगे तो पढ़ाई कैसे होगी। उसके लिए अभी आपने देखा होगा बहुत समय बाद लगातार दो-दो, तीन-तीन प्रोफेसर की परीक्षाएं हो गईं, उनके परिणाम आ गए।

उन्होंने कहा कि अभी एक पदस्थापना कुछ दिन पूर्व हुई थी, अभी एक सूची और जारी हो गई है, जिसकी पदस्थापना भी बहुत जल्दी महीने-पंद्रह दिन के अंदर होने वाली है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटैल, नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुंदर लाल विश्वकर्मा, पूर्व जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू, पूर्व मण्डी अध्यक्ष खरगराम पटैल, संतोष दुबे,महेश पटैल, रमेश कुशवाह, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ. नीरज दुबे, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा, तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी सहित अन्य अतिथि मंचासीन थे।

### लंबे समय से की जा रही थी मांग

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा कि हिंदी साहित्य में पूरे देश में अपना नाम कमाने वालेए नाम रोशन करने वाले माधवराव सप्रे कॉलेज में उनकी मूर्ति का लोकार्पण हुआ। यह बहुत दिनों से मांग थी कि यहां पर माधवराव सप्रे की मूर्ति का लोकार्पण होए मूर्ति लगे। उन्होंने कहा संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और राजेन्द्र गुरुजी ने हमेशा इस काम के लिए प्रोत्साहित भी किया और उसमें जो व्यवस्थाएं दे सकते थे। उन व्यवस्थाओं को देने का काम भी किया।

### अन्य कार्यों के लिए भी राशि उपलब्ध कराई जाएगी

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में, उनके कृतित्व, उनके व्यक्तित्व के बारे में और उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी हो। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा महाविद्यालय की बाउंड्री वाल के लिए उपलब्ध राशि के अलावा जो आवश्यक राशि की जरूरत होगी, उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने महाविद्यालय की पुस्तकालय के लिए एक लाख रूपये देने की घोषणा की। बाउंड्री वॉल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा महाविद्यालय के लिए जो भी राशि आवश्यक होगी छात्र हित में उपलब्ध कराई जाएगी।

### राज्यमंत्री लगातार कर रहे विकास कार्य : गुरू

पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र गुरू ने कहा राज्यमंत्री श्री पटेल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अन्य क्षेत्रों में बहुत जागरूक है और जिले की बेहतरी के लिए अनेक कार्य किए जा रहे है, अभी कुछ दिन पहले राज्यमंत्री का चित्र प्रकाशित हुआ था जिसमें वह केंद्रीय शिक्षा मंत्री से केंद्रीय विद्यालय के लिए बात कर रहे थे। वह लगातार कार्य कर रहे है और उसकी मानीटिरिंग भी कर रहे है।इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण, समाज सेवक, गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## प्रदीप बने पथरिया ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष

**नवभारत,दमोह 18 दिसंबर।** मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल से जिले के वरिष्ठ कांग्रेस की सहमति से जिले के ब्लाक में उप ब्लाक के अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है।

इनमें पथरिया ब्लाक से प्रदीप पटेल, बढ़ियागढ से सतीश लोधी, नरसिंहगढ़ उपब्लाक से आसाराम चौधरी, जबेरा ब्लाक से ओ.पी. शर्मा, तेन्दूखेड़ा ब्लाक से नीलेश यादव, नोहटा उपब्लाक से संतोष रजक, तेजगढ़ उपब्लाक से मोहन आदिवासी इसी प्रकार हटा ब्लाक से योगेश, गोलू सराफ पटेरा ब्लाक से नंद कुमार चौरसिया, हिन्डोरिया उपब्लाक से एस.एम.राही एवं गैसाबाद उपब्लाक से योगेन्द्र पटेल को बनाया गया है। उपरोक्त समस्त ब्लाक के अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रीति नीति का प्रचार नगर के वार्डों एवं पंचायत स्तर पर कर संगठन को मजबूत करेंगे। उपरोक्त समस्त नवनिर्वाचित ब्लाक अध्यक्षों को पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन, मनु मिश्रा संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, परम यादव, प्रदीप पटैल, प्रदीप खटीक, राव ब्रजेन्द्र सींग सहित जिले के कांग्रेस पदाधिकारियां ने बधाई दी है।